भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-530**
उत्तर दिनांक 23/07/2025 को दिया गया

## कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना

530. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना (केकेएनपीपी) में प्रचालनशील रिएक्टरों की संख्या कितनी है;

(ख) केकेएनपीपी के वर्तमान कुल विद्युत उत्पादन और प्रत्येक प्रचालनशील रिएक्टर के अलग-अलग विद्युत उत्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ग) केकेएनपीपी से राज्यों को वर्तमान विद्युत हिस्सेदारी कितनी है और भविष्य में विद्युत हिस्सेदारी कितनी होगी;

(घ) क्या सरकार का विचार अतिरिक्त रिएक्टर इकाइयों के प्रचालन करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में, कुडनकुलम स्थल पर दो इकाइयाँ - केकेएनपीपी - 1 & 2, प्रचालनरत हैं।

(ख) केकेएनपीपी की प्रचालनरत इकाइयों - केकेएनपीपी, इकाई-1 & 2 (2 x 1000 मेगावाट) से कुल विद्युत उत्पादन 2000 मेगावाट है।

(ग) केंद्रीय क्षेत्र के विद्युत उत्पादन केंद्रों द्वारा उत्पादित बिजली को, विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार विद्युत क्षेत्र के लाभार्थी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित किया जाता है। तदनुसार, केकेएनपीपी-1 & 2 (2 x 1000 मेगावाट) से प्राप्त विद्युत का आवंटन निम्नानुसार किया गया है:

| राज्य | आवंटन मेगावाट में |
|---|---|
| कर्नाटक | 442 |
| केरल | 266 |
| तमिलनाडु | 925 |
| पुडुचेरी | 67 |
| अनावंटित | 300 |

आगामी इकाइयों, अर्थात् केकेएनपीपी-3 & 4 (2 x 1000 मेगावाट) और केकेएनपीपी-5 & 6 (2 x 1000 मेगावाट) से प्राप्त विद्युत आवंटन के संबंध में, विद्युत मंत्रालय उचित समय पर निर्णय लेगा।

(घ) हां। वर्तमान में चार रिएक्टर - केकेएनपीपी-3 & 4 (2 x 1000 मेगावाट) तथा केकेएनपीपी-5 & 6 (2 x 1000 मेगावाट) निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं तथा इनका चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाना प्रस्तावित है, इनके चालू हो जाने पर स्थल की कुल क्षमता 6000 मेगावाट हो जाएगी।

*****